कर दे कर दे मुरादें सब पूरी

कर दे कर दे मुरादें सब पूरी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए,
आयी दातिए मैं तेरे दर पे दातिए,
तुझे चोला चढ़ाऊँ लाल चूड़ी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए,
कर दे कर दे मुरादें सब पूरी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए,
पौड़ी पौड़ी चढ़ता जा,
जय माता दी कहता जा,
जय माता दी कहता जा........

तेरा नाम लेके मैया, तुझको पुकारती,
करना मनौती पूरी, करूँ तेरी आरती,
ये जग दाती, हे वर दाती,
कर दे कर दे मुरादें सब पूरी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए......

अपनी दया का दान, मेरी झोली डालना,
भंवर में मेरी नाँव, उसको उबारना,
हे भवतारिणी, संकट हरिणी,
तू जग की रखवाली,
कर दे कर दे मुरादें सब पूरी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए.......

जिसने भी तेरे दर पे, सर को झुकाया है,
बिन माँगे उसने मैया, सब कुछ पाया है,
तू है दानी, तू है कल्याणी,
मैया मेहरों वाली,
कर दे कर दे मुरादें सब पूरी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए.......

तुझको मनाये बिन, मैं नहीं जाऊगी,
मैया मैं तो तेरे दर पे, बार बार आउंगी,
तू महारानी, आध भवानी,
मैया भवनों वाली,
कर दे कर दे मुरादें सब पूरी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए,
आयी दातिए मैं तेरे दर पे दातिए,
तुझे चोला चढ़ाऊँ लाल चूड़ी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए,
कर दे कर दे मुरादें सब पूरी,
मैं द्वार तेरे आयी दातिए........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24011/title/kar-de-kar-de-murade-sab-puri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |